वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 79 | सोमवार 17 जुलाई 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## राजधानी जयपुर में बदला मौसम, बादल छाए, हुई बरसात



**जयपुर. कासं।** राजधानी जयपुर में एक बार फिर बरसात का दौर शुरू हो गया है। रविवार को दिन भर बादलों की आवाजाही बनी रही और शाम होते-होते शहर के कई हिस्सों में बरसात का दौर शुरू हो गया। बदले मौसम से दिन और रात के तापमान में कमी आई और आमजन ने राहत की सांस ली। छुट्टी का दिन और मौसम अच्छा होने के कारण आमजन भी घर से बाहर निकले। शहर के पर्यटन स्थलों पर भारी भीड़ लगी रही। मौसम विभाग के मुताबिक दिन के पारे में सामान्य से 2.2 डिग्री और रात के पारे में सामान्य से 0.7 डिग्री सेल्सियस की कमी आई। अधिकतम तापमान 32.0 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26.2 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग ने सोमवार को सामान्यतया: बादल छाए रहने के साथ ही हल्की से मध्यम बरसात की संभावना जताई है।

## पीले चावल बांटकर दिया ब्राह्मण महासंगम में आने का न्योता



**जयपुर. कासं।** राजधानी जयपुर में आगामी 3 सितंबर को ब्राह्मण महासंगम का आयोजन होगा। महासंगम को लेकर बनीपार्क में सर्व ब्राह्मण महासभा एवं अन्य ब्राह्मण संगठनों की प्रदेश स्तरीय संयुक्त बैठक हुई। बैठक में पदाधिकारियों ने महासंगम की तैयारियों को लेकर मंथन किया। महासंगम के लिए निमंत्रण देने के लिए पूरे प्रदेश में 5 हजार किलो पीले चावल बांटे जाएंगे, जिसकी शुरूआत समाज की महिलाओं ने पीले चावल देकर की। सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने बताया कि जयपुर में आयोजित होने वाले महासंगम को लेकर समाज में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। समारोह के मुख्य अतिथि विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि जयपुर में होने वाला ब्राह्मण महासंगम समाज को एक नई दिशा देगा। बैठक में विप्र कल्याण बोर्ड की उपाध्यक्ष मंजू शर्मा, महासभा के राष्ट्रीय संयोजक आचार्य राजेश्वर, संरक्षक एचसी गणेशिया, प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा, राष्ट्रीय महामंत्री महिला मोर्चा सविता शर्मा, विप्र महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सुनील उदईया, परशुराम सेना के अध्यक्ष अनिल चतुर्वेदी समेत समाज के अनेक लोग मौजूद रहे।

## गूंज उठे बोल-बम, ताड़क बम के जयकारे, शिवजी के जलाभिषेक के लिए मचेगी होड़



**जयपुर. कासं।** श्रावण मास के दूसरे सोमवार को 17 जुलाई को हरियाल अमावस्या का विशेष संयोग रहेगा। शिवालयों में अलसुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ेगी। शिवजी के जलाभिषेक के लिए भक्तों की कतारें लगेंगी। वहीं रविवार को शहर में बोल-बम, ताड़क बम के जयकारें गूंज उठे। गलता तीर्थ से अलसुबह कांवड में जल लेकर भक्त नंगे पैर चल पड़े। चारदीवारी सहित अन्य मार्गों पर कांवड़ यात्राएं निकल पड़ी। सावन के दूसरे सोमवार को झाडखंड महादेव, ताड़केश्वर महादेव, चमत्कारेश्वर महादेव, जंगलेश्वर, रोजगारेश्वर महादेव के जलाभिषेक के लिए भक्त अलसुबह से ही उमड़ेंगे। शिवजी के जलाभिषेक के साथ भक्त उन्हें बिल्व पत्र, आक-धतुरा, फल सहित अन्य चीजें अर्पित कर सुख समृद्धि की कामना करेंगे। शाम को मंदिरों में भोलेनाथ के विशेष झांकियों के दर्शन होंगे। ताड़केश्वर महादेव मंदिर में सुबह 4 बजे से दर्शन खुलेंगे, इसके साथ ही भक्त ताड़क बाबा के जलाभिषेक कर सकेंगे। मंदिर में शिवजी के जलाभिषेक के लिए अलसुबह से ही भक्तों की कतारें लगेंगी। भक्त शाम 4 बजे तक शिवजी के जलाभिषेक कर सकेंगे। इसके बाद विशेष झांकी के दर्शन होंगे। क्वींस रोड स्थित झाडखंड महादेव मंदिर में तड़के 4.45 बजे दर्शन खुलेंगे। भक्त शाम 4 बजे तक शिवजी के जलाभिषेक कर सकेंगे। इसके बाद फूलों की विशेष झांकी के दर्शन होंगे।

# वाटिका में सन्मति ग्रुप द्वारा पंचामृत अभिषेक व वृक्षारोपण आज

### प्रातः 7. 30 बजे से होंगे पंचामृत अभिषेक

जयपुर. शाबाश इंडिया। श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन नवग्रह मंदिर वाटिका में सोमवार, 17 जुलाई सोमवती अमावस्या के पावन अवसर पर दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति द्वारा अतिशयकारी श्री मुनिसुव्रतनाथ के पंचामृत अभिषेक प्रातः 7.30 बजे से किए जायेंगे। मुख्य समन्वयक

**9 बजे होगा वृक्षारोपण, उप महापौर पुनीत कर्णावट समारोह के मुख्य अथिति। रीजन अध्यक्ष राजेश बडजात्या एवं महासचिव निर्मल संघी की रहेगी गौरवमय उपस्थिति...**

व कार्याध्यक्ष मनीष-शोभना लोंग्या व समन्वयक व सयुक्त सचिव राजेश-रितु छाबड़ा ने बताया कि अभिषेक के पश्चात वही पर वृक्षारोपण किया जायेगा। राकेश-समता गोदिका, अध्यक्ष सन्मति ग्रुप ने बताया कि वृक्षारोपण समारोह के मुख्य अथिति पुनीत कर्णावट, उप महापौर, जयपुर नगर निगम ग्रेटर होंगे तथा रीजन अध्यक्ष राजेश बडजात्या एवम महासचिव निर्मल संघी गौरवमय उपस्थिति रहेगी ।



# वृक्षारोपण महा अभियान के अंतर्गत संरक्षण परिवार द्वारा 200 पेड़ लगाये गए



जयपुर. शाबाश इंडिया। आज सावन माह के रविवार दिनाँक 16 जुलाई 2023 को प्रमुख समाज सेवी डॉ पी सी जैन, भगवान गर्ग (केसर डी विला)के द्वारा "संरक्षण परिवार ट्रस्ट" के सदस्यो के सहयोग से महा वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत 200 पेड़ लगाये। दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति के सयुक्त सचिव तथा सरक्षण परिवार के राजेश जैन छाबड़ा ने बताया कि आज 150 पेड़ राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, झिलाय में तथा 50 पेड़ शिव मंदिर, झिलाय, निवाई जिला टोंक में लगाए गए।


दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप राजस्थान रीजन के सेवा पखवाड़े 15 से 31 जुलाई के अंतर्गत

प्रबन्ध समिति श्री नवग्रह दिगम्बर जैन मन्दिर, वाटिका के तत्वावधान में

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर के द्वारा

विशाल वृक्षारोपण

"बंजर धरती करे पुकार पेड़ लगाकर करो श्रृंगार"



अध्यक्ष राजकुमार कोठ्यारी | मंत्री मनीष लोंग्या | कोषाध्यक्ष पदम चन्द जैन भौंसा

एवं समस्त कार्यकारिणी

श्री नवग्रह दिगम्बर जैन मन्दिर, वाटिका

सोमवार, 17 जुलाई 2023

प्रातः 9.00 बजे से

स्थान : श्री नवग्रह दिगम्बर जैन मन्दिर

सिमल्या रोड़, वाटिका, जयपुर

संयोजक

राजेश-रितु छाबड़ा

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर

राकेश-समता गोदिका अध्यक्ष

अनिल-निशा संघी सचिव

सुरेन्द्र-मृदुला पाण्ड्या संरक्षक

दर्शन-विनीता जैन संरक्षक

दिनेश-संगीता गंगवाल परामर्शक

मनीष-शोभना लोंग्या कार्याध्यक्ष

अनिल-अनीता जैन कोषाध्यक्ष

Printed by : Vardhman Printers

# युवा परिषद द्वारा सदस्यता अभियान के अंतर्गत नये सदस्य बनाए




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** युवा परिषद द्वारा मानसरोवर क्षेत्र के मंदिरों में सदस्य जोड़ने हेतु रविवार दिनांक 16 जुलाई को श्री दिगंबर जैन मंदिर वर्धमान सरोवर मे सुबह 7:00 बजे से 10:00 बजे तक युवा परिषद द्वारा सदस्य जोड़ने हेतु कैंप लगाया गया। परिषद के अध्यक्ष अशोक बिंदायका व महामंत्री पारस जैन बोहरा ने बताया 41 नव सदस्यों को जोड़ा गया। मंदिर जी में सुव्यवस्थित ढंग से जैन ग्रंथों को अलमारी में जमाना व मंदिर प्रांगण की साफ-सफाई व इत्यादि कार्य भी परिषद सदस्यों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में परिषद के परम शिरोमणि संरक्षक राजीव जैन, सतीश कासलीवाल व रवि गोदिका कोषाध्यक्ष, दौलत गंगवाल,रुचि मनीष सेठी,लक्ष्मी जैन राहुल सोगानी, मुकेश जैन,अमित बाकलीवाल आदि सदस्य उपस्थित थे। अंत मे महामंत्री पारस जैन बोहरा ने सभी नव सदस्यों का आभार व्यक्त किया ।


# कुदन नाथजी आश्रम में कांवड़ियों का भव्य स्वागत



**सुधीर शर्मा. शाबाश इंडिया**

**सीकर।** श्रीनाथजी सेवा आश्रम में काली कमली वाले बगीची में रविवार को कांवड़ियों की सेवा के लिए बगीची सेवादारों उनकी सेवा भाव में पलक पांवड़े बिछाए बैठे थे ।हर साल की भांति इस साल भी दूर-दूर से आये हुए कांवड़ियों में। हापास नरसास दनतुजला लक्ष्मणगढ़ शहर के कांवड़ियों का तांता लगा हुआ था। शनिवार रविवार को उनके अल्पाहार व खाने की की व्यवस्था सुभाष जी महरिया व नंदकिशोर जी महरिया द्वारा की गई थी। साथ में अन्य सेवादारों द्वारा भी फल व मिठाई दी जाती है। सावन में गुरुवार से रविवार तक कांवड़ियों का बगीची में जमावड़ा रहता है पूर्व विधायक फतेहपुर नंदकिशोर महरिया, सरपंच प्रतिनिधि सुलतान सुंडा, गिगा महरिया, विजेन्द्र सुडा,रवि जांगीड़ ,सुरेन्द्र गढ़वाल, महाविर काजला, महेंद्र सुडा, अनिल महरिया, विकास सुडा, अंकित कालु, लाला भाटी, गगन शर्मा, सत्यनारायण सोनी, कुलदीप सुडा, राजेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## वेद ज्ञान

### तनाव मुक्त रहना है तो लें योगनिद्रा

पूरी रात सोने के बावजूद जब सुबह उठकर आप थका हुआ और बोझिल महसूस करते हैं तो समझ लीजिए आप ने पूरी रात सोकर गुजार दी। इसकी वजह है कि आप नींद में स्वप्न देखते रहते हैं। क्या आपने कभी गिना है कि एक रात में आप कितनी बार करवटें बदलते हैं। कभी गर्मी लग रही है तो कभी मच्छर काट रहे हैं। कभी प्यास लग रही है तो कभी कुछ और दूसरी चीजें परेशान कर रही हैं। कभी-कभी थकान के मारे शरीर इतना अकड़ जाता है कि नींद आनी मुश्किल हो जाती है। नींद पूरी करने के बावजूद यदि थकान महसूस हो तथा मन बोझिल हो तो इसका सीधा अर्थ है कि आप तनाव में हैं। कई बार घर का वातावरण सामंजस्यपूर्ण नहीं होता है। अगर आपका मन तनाव में रहता है तो आपका शरीर कैसे स्वस्थ रह सकता है। कई शारीरिक समस्याओं की वजह भी तनाव हो सकता है। इसलिए यदि हम अपने मन को स्वस्थ रखेंगे तो शरीर भी स्वस्थ रहेगा। यदि आप हर तरह की चिंता त्यागकर जिएंगे, तो खूब जिएंगे। अगर चिंता में डूबे रहेंगे तो निश्चित तौर पर आप तनाव में रहेंगे तथा आपकी आयु भी प्रभावित होगी। इसलिए अपने आपको हर प्रकार की चिंताओं से मुक्त करने की कोशिश करें। पूरी तरह चिंता मुक्त होकर जीने की आदत डालें और इसे जीवन-शैली के रूप में अपनाएं। सत्संग करें, संतों के सान्निध्य में बैठें। उनसे ज्ञान प्राप्त करें और उस ज्ञान को अपने आचरण का अभिन्न अंग बनाएं। इसके साथ ही सुमिरन करें, क्योंकि सुमिरन के जरिए भी चिंता और तनाव से मुक्ति मिल सकती है। अब प्रश्न यह उठता है कि चिंताग्रस्त मन सुमिरन किस तरह कर सकता है। मन को चिंतामुक्त करने की एक अनोखी विधि है योगनिद्रा। योगाभ्यास प्रायः जाग्रत अवस्था में ही किया जाता है। योगाभ्यास की यह विशेष विधि लेटकर की जाती है। आप या तो जागते हैं या फिर गहरी नींद में सो जाते हैं। योगनिद्रा में आप पूर्णतः जाग्रत होते हुए भी शरीर और मन पर गहरी नींद के तमाम लक्षण अनुभव कर पाते हैं। योगनिद्रा शरीर को संपूर्ण विश्राम देकर पूरी तरह शिथिल कर देती है। यह हमें मानसिक और भावनात्मक विश्राम भी प्रदान करती है। योगनिद्रा में सोना नहीं, जागना होता है।

## संपादकीय

# चंद्रयान-तीन की सफलता से कई नए रहस्यों से हटेगा पर्दा

ब्रह्मांड अब केवल जिज्ञासा का विषय नहीं, बल्कि विज्ञान ने इसकी संभावनाओं को खंगालना शुरू कर दिया है। दुनिया अब दूसरे ग्रहों पर मानव बस्तियां बसाने की होड़ में है। सौरमंडल के ग्रहों में चंद्रमा पर संभावनाओं का काफी कुछ अध्ययन किया जा चुका है, मगर उसके बहुत सारे रहस्य अभी खुलने बाकी हैं। हालांकि मानव बस्तियां बसाने की दृष्टि से सबसे अनुकूल वातावरण वहीं का माना जाता है। इसी सिलसिले में दुनिया के अनेक देश अपने अंतरिक्ष यान चंद्रमा पर भेजते रहते हैं। भारत ने भी इसी मकसद से चंद्र मिशन की शुरूआत की थी। इस क्रम में अभी चंद्रयान-तीन को चंद्रमा की तरफ रवाना कर दिया गया है। पांच अगस्त को यह यान चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश करेगा और आखिरी हफ्ते में उसके चंद्रमा की सतह पर उतरने की संभावना है। हालांकि चंद्रयान-तीन की रवानगी से पहले तरह-तरह की आशंकाएं जताई जा रही थीं, क्योंकि चंद्रयान-दो तकनीकी खामियों के चलते चंद्रमा की सतह



पर उतर नहीं पाया था। उसे विफल मिशन माना गया। मगर इस तीसरे यान के पूरी तरह सफल होने का भरोसा जताया जा रहा है। पिछले यान में रह गई तकनीकी खामियों को इस बार सुधार दिया गया है, इसलिए इस मिशन से जुड़े वैज्ञानिक अधिक निश्चिंत नजर आ रहे हैं। दरअसल, अंतरिक्ष यानों को किसी ग्रह पर उतारना अनिश्चितताओं का खेल होता है। चंद्रयान का संपर्क धरती के कंप्यूटर से जरूर रहेगा, मगर लगभग चार लाख किलोमीटर दूर से उसे नियंत्रित करना संभव नहीं होगा। उसे अपनी कृत्रिम मेधा से ही स्थितियों और चंद्रमा की सतह आदि का आकलन करते हुए खुद स्थापित होना होगा। पिछली बार के मिशन को भी पूरी तरह विफल नहीं कहा जा सकता। दरअसल, उसके तीन हिस्से थे- आर्बिटर, लैंडर और रोवर। तकनीकी गड़बड़ी के चलते रोवर नहीं खुल पाया, जिसे चंद्रमा की सतह पर रेंगते हुए वहां की मिट्टी, पानी, खनिज आदि के बारे में अध्ययन करना था। उसका आर्बिटर अब भी चंद्रमा की कक्षा में चक्कर काट रहा है। इसलिए चंद्रयान-तीन में आर्बिटर नहीं भेजा गया है। सिर्फ रोवर और लैंडर भेजे गए हैं। हालांकि इस बार भारत ने चंद्रमा के जिस हिस्से को अध्ययन के लिए चुना है, वहां चुनौतियां अधिक हैं, मगर वहां संभावनाओं का आकाश बड़ा है। वहां खनिज, पानी और अन्य मानवीय जरूरतों से जुड़ी चीजों की संभावना अधिक है। इसलिए उस हिस्से में रोवर पहुंचता है, तो उसके जरिए किया गया अध्ययन अधिक उपयोगी साबित होगा। रोवर दरअसल, एक छोटा-सा रोबोट है, जो चलते-फिरते चंद्रमा की सतह के नमूने लेकर उसका विश्लेषण करेगा और धरती तक उसके ब्योरे भेजेगा। चंद्रमा की सतह पर अपने यान उतारने में अभी तक दुनिया के कुछ ही देश कामयाब हो पाए हैं, जिनमें अमेरिका, रूस और चीन शामिल हैं। इस तरह भारत अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में इन महाशक्तियों से कंधे से कंधा मिला कर खड़ा हो सकेगा। चंद्रयान की खासियत यह भी है कि यह पूरी तरह स्वदेशी तकनीक से तैयार किया गया है। **-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# नया ठिकाना

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की जब से सांसदी छिनी थी, उन पर तमाम तरह की मुसीबतों का पहाड़ टूट गया। उसी कड़ी में उन्हें अपना बंगला भी छोड़ना पड़ गया था। लेकिन अब बताया जा रहा है कि कांग्रेस नेता को जल्द ही उनका नया ठिकाना मिलने जा रहा है। वे दिल्ली की पूर्व सीएम शीला दीक्षित के आवास पर रहने वाले हैं। अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है, लेकिन माना जा रहा है कि राहुल वहीं पर शिफ्ट होने जा रहे हैं। जानकारी के लिए बता दें कि मोदी सरनेम मामले में राहुल गांधी को बड़ा झटका लगा था। गुजरात कोर्ट ने उन्हें दोषी माना था और उनकी सांसदी भी छीन ली गई थी। असल में प्रदीप मोदी ने अपनी अर्जी में आरोप लगाया था कि 23 अप्रैल 2019 को लोकसभा चुनाव के दौरान राहुल गांधी जब रांची में चुनावी सभा को संबोधित करने आए थे, तब उन्होंने मोदी सरनेम वाले लोगों पर टिप्पणी की थी, जिससे पूरे समाज की भावनाएं आहत हुई। उसी याचिका पर सुनवाई करते हुए सूरत कोर्ट ने राहुल गांधी को दोषी माना था। अभी तक कांग्रेस नेता को हाई कोर्ट से भी इस मामले में राहत नहीं मिली है और उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का रुख कर लिया है। वहीं दूसरी तरफ कहा जा रहा है कि वे अब पूर्व सीएम शीला दीक्षित के दिल्ली वाले निवास पर रह सकते हैं। बताया जा रहा




है कि साल 1991 से 1998 तक शीला दीक्षित उसी बंगले में रही थीं। बाद में साल 2015 में वे दोबारा वहां शिफ्ट हो गई थीं। वैसे जिस बंगले में राहुल शिफ्ट हो सकते हैं, वो तीन रूम, एक हॉल और एक किचन वाला है, यानी कि 3BHK अभी वर्तमान में राहुल अपनी मां सोनिया गांधी के साथ रह रहे थे। लेकिन अब आने वाले दिनों में वे साउथ दिल्ली के इस आलीशान बंगले में रह सकते हैं।

# मुनि श्री विजयेशसागरजी महाराज का 45वां अवतरण दिवस मनाया

राजेश जैन दद्दू .शाबाश इंडिया



इंदौर। मोदी जी की नसिया में चातुर्मास कर रहे राष्ट्रसंत विहर्षसागर जी महाराज के साथ चातुर्मास कर रहे मुनि श्री विजयेशसागर जी महाराज का 45 वां अवतरण दिवस आचार्य विहर्षसागरजी एवं मुनि श्री विश्व हर्ष सागर जी महाराज के सानिध्य मे दिगंबर जैन समाज ने उमंग और उत्साह से मनाया। इस अवसर पर आचार्य श्री ने मुनि श्री विजयेशसागरजी को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं देते हुए उनका गुणाणुवाद किया और कहा कि सन 2012 में गणाचार्य विराग सागर जी महाराज से दीक्षित सम्यकत्व के धनी मुनि श्री विजयेशसागर जी स्वभाव से बाहर से नारियल की तरह कठोर एवं अंतरंग से कोमल है एवं स्पष्ट वादी, श्रेष्ठ वक्ता और वात्सल्य से परिपूर्ण हैं। आप सन 98 से मेरे साथ साधनारत रहते हुए आत्म कल्याण कर रहे हैं। आचार्य श्री ने मुनि श्री को आशीर्वाद के साथ उपहार स्वरूप शास्त्र भेंट किए। मुनि श्री विजयेशसागर जी ने कहा कि माता पिता जन्म देते हैं लेकिन गुरु शिष्य को जैनेश्वरी दीक्षा देकर नर से नारायण और कंकर से शंकर बना देते हैं। अपने दीक्षा गुरु गणाचार्य विराग सागर जी और संघस्थ आचार्य विहर्ष सागरजी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए भावना भाई कि मुझे ऐसा आशीर्वाद प्रदान करें कि मुझे भी एक दिन केवल ज्ञान की प्राप्ति हो।इस अवसर पर दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष श्री राजकुमार पाटोदी ने विनयांजलि देते हुए कहा कि इंदौर की दिगंबर जैन समाज के लिए आज का दिन गौरव का दिन है क्योंकि उसे आज मुनि श्री विजयेशसागरजी महाराज का जन्मदिन मनाने का अवसर प्राप्त हुआ है।आपने मुनिश्री के रत्नत्रय के कुशल मंगल जी कामना की और लंबे समय तक आपका आशीर्वाद हम सबको मिलता रहे ऐसी भावना व्यक्त की। प्रारंभ में पंडित रमेशचंदजी बांझल ने मंगलाचरण एवं फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश विनायका, राजकुमार पाटोदी, विमल झांझरी, भूपेंद्र भोपाली ने आचार्य श्री के चित्र का अनावरण कर दीप प्रज्वलित किया। आचार्य संघ का पाद प्रक्षालन मुकेश ममता जैन ग्वालियर ने किया। इसअवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुरजीत सिंह चड्ढा एवं पूर्व पार्षद पवन जैन, डॉ जैनेन्द्र जैन योगेन्द्र काला,जयदीप जैन, राजेश दद्दू संजीव जैन संजीवनी, राजेन्द्र सोनी , जैन, रितेश पाटनी पारस पांड्या एवं नीरज मोदी ने श्रीफल समर्पित करआचार्य संघ का आशीर्वाद प्राप्त किया। संचालन कमल काला ने किया।






# त्रि -दिवसीय महोत्सव के दूसरे दिन पाठशाला के छात्रों ने परिवार सहित किए अभिषेक, शांतिधारा, पूजन लघुता से ही प्रभुता प्राप्त होती है: विशेष मति







**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जनकपुरी ज्योतिनगर जैन मंदिर के त्रि-दिवसीय स्थापना महोत्सव के दूसरे दिन पारिवारिक पूजन के कार्यक्रम में पाठशाला के विद्यार्थियों ने परिवार के साथ अभिषेक शांतिधारा मण्डल विधान पूजन में उत्साह व भक्ति के साथ भाग लिया। प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि आर्यिका विशेष मति माताजी के सानिध्य में एक साथ चार पाण्डुशीला पर हुई शांतिधारा में से विधान मण्डल पर हुई शान्तिधारा सुनील सेठी व छात्र आदित बिलाला ने तथा वेदी पर हुई शान्तिधारा राकेश जैन व छात्र नीरैक शाह के साथ अनेक श्रावकों द्वारा की गई। मूल नायक श्री 1008 नेमि नाथ के मण्डल विधान पर साज बाज के साथ श्रावक श्रेष्ठियों ने श्रीफल के साथ अष्ट द्रव्य लेकर बारी बारी से भक्ति करते हुए अर्घ्य चढ़ाये। संगीत मय विधान पूजन शिखर चंद किरण जैन ने करायी तथा आर्यिका जी ने आवश्यकता अनुसार विवेचन किया। आर्यिका माताजी ने अपने प्रवचन में कहा की मन्दिर जी में खाली हाथ आने से जीवन भी खाली ही रहता है । सेवक बनकर आने वाला ही पुण्यशाली जीव है भिखारी बन कर आने वाला खाली ही रहता है। लघुता से मनुष्य प्रभुता को प्राप्त होता है जबकि प्रभुता प्रभु से दूर कर देती है। माताजी ने देव व गुरु उपासना भी समझायी। विधान समापन पर नेमिनाथ की आरती की गई। शाम को साज बाज के साथ भक्तामर दीप अर्चना हुई। सोमवार को महोत्सव के समापन दिवस पर शोभा यात्रा ध्वजा रोहण के साथ नेमि प्रभु की पूजन आदि के कार्यक्रम होंगे।



# संसार का सबसे बड़ा पापी वह है जो मन से पाप कर रहा है: मुनि पुंगव श्रीसुधासागर जी महाराज

## जगत कल्याण की कामना के लिए कराई शान्ति धारा। दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी कमेटी ने किए श्री फल भेंट

**आगरा. शाबाश इंडिया**

संसार का सबसे बड़ा पापी कौन है सबसे बड़ा पापी वह व्यक्ति है जो पाप कर नहीं पा रहा है लेकिन भाव रख रहा है। मैं सारी दुनिया को मिटाकर रख दूंगा एक व्यक्ति को मार नहीं पा रहा लेकिन दुनिया को मिटा देना संसार को तहस-नहस कर देने का विचार निरंतर करता रहता है। सबसे बड़े पापी वह है जो पाप करने का भाव करते हैं दूसरों को मारने का भाव करते रहते मन्दिर जाने सत्संग ना करने का भाव हो रहा है ऐसे व्यक्ति को तुरंत सचेत हो जाना चाहिए नहीं तो वह दुर्गति की ओर आप बड रहें हैं हमें मन से भी दुसरे का वुरा नहीं विचार ना यदि तुम्हारी जिंदगी में कभी कर्म बंध सुधरने का भाव आये तो सबसे पहले वो पाप छोड़ना चाहिए जिसे आप कर ही नहीं पा रहे। हम जिस समय जो सोचे वह सब कुछ होना चाहिए जब जब आपके मन में ये भाव आये कि मैं जो जो सोचूं वह हो तो समझ लेना कि आपका डाउन फाल शुरू हो गया है ।99 परसेंट लोगों का पतन उन्ही का होता है जो पुण्य के उदय में धर्म करने का भाव नहीं हो रहा उक्त




आश्य के उद्धार हरि पर्वत आगरा में विशाल धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज ने व्यक्त किए। मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने कहा कि दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी कमेटी के वर्षो से हम आपके सानिध्य की कोशिश कर रहे हैं आपका पदार्पण हो इस हेतु श्रमण मुनि पुंगव श्री सुधासागर जी महाराज ससंघ के चरणों में दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी कमेटी ने श्री फल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया।


# जैन इंजीनियर्स सोसायटी साउथ चैप्टर जयपुर द्वारा वृक्षारोपण किया




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जैन इंजीनियर्स सोसायटी साउथ चैप्टर जयपुर द्वारा प्रत्येक वर्ष 14 जुलाई को वृहत वृक्षारोपण का कार्यक्रम पिछले 7 वर्षों से निरंतर किया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 14 जुलाई 2023 को जैन इंजीनियर्स सोसायटी साउथ चैप्टर जयपुर के दंपति सदस्यो ने बाड़ा पदमपुरा में 100 से अधिक वृक्ष लगाए जिसमे आंवला,जामुन आदि फलों के वृक्ष के साथ अन्य छायादार वृक्ष लगाए। वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ संकल्प फाउंडेशन के सहयोग से जयपुर चेप्टर द्वारा किया गया। प्रातः भगवान पदमप्रभु के दर्शन कर सभी उपस्थिति सदस्यो ने उत्साह के साथ वृक्षारोपण किया। अध्यक्ष इन्जी डीके जैन व मंत्री इन्जी पी के जैन ने बताया कि यह क्रम चलता रहेगा तथा संकल्प फाउंडेशन के इन्जी आर के जैन ने आगे भी वृक्षारोपण करने का अपना दृढ़ निश्चय दोहराया।



# दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन जयपुर मानव सेवार्थ पखवाड़े का शुभारंभ



## आथोर्पेडिक सर्जरी, हड्डियों व घुटनों संबंधित बीमारियों पर परिचर्चा से हुई शुरूआत

जयपुर. शाबाश इंडिया। दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन जयपुर द्वारा फेडरेशन स्थापना दिवस के अवसर पर मानव सेवार्थ पखवाड़े (15 जुलाई से 30 जुलाई) के उद्घाटन समारोह का भव्य आयोजन हुआ। अध्यक्ष राजेश बड़जात्या ने अवगत कराया कि खचा खच भरे रुक्मणी बिरला हॉस्पिटल मेआथोर्पेडिक सर्जरी , हड्डियों व घुटनों संबंधित बीमारियो पर परिचर्चा से मानव सेवार्थ पखवाड़े की शुरूआत हुई। महासचिव निर्मल संघी ने बताया कि राजस्थान रीजन जयपुर द्वारा 15 जुलाई से 30 जुलाई तक मानव सेवार्थ पखवाड़े का आयोजन रीजन अधीनस्थ सभी ग्रुपस के सहयोग से अपने अपने स्तर पर अलग अलग जगह मानव सेवा करके कार्यक्रम का आयोजन कर किया जायेगा। रीजन कोषाध्यक्ष पारस कुमार जैन ने अवगत कराया कि आज के कार्यक्रम में सी के बिडला अस्पताल के वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ रोहन जैन ने आथोर्पेडिक सर्जरी ,हड्डियों व घुटनों संबंधित बीमारियो के उपचार पर सरल भाषा मे प्रकाश डाला तथा तथा सभी के द्वारा पूछे गए प्रश्नों के प्रभावशाली उत्तर देकर संतुष्ट किया । डॉक्टर कीर्ति तांबी ने भी उपस्थित महिलाओं को ब्रेस्ट कैंसर के निधान से संबंधित उपचार की जानकारी दी। सुनील बज रीजन कार्याध्यक्ष ने बताया कि कार्यक्रम में अनिल जैन आईपीएस रीजन संस्थापक अध्यक्ष , नवीन सेन जैन रीजन परामर्शक , यश कमल अजमेरा रीजन निवर्तमान अध्यक्ष , अतुल बिलाला रीजन पूर्व अध्यक्ष, महावीर बाकलीवाल कि गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप - जयपुर मैन, गुलाबी नगर, आदिनाथ , नवकार, जैन भारती, मैत्री, डायमंड, पार्श्वनाथ, वात्सल्य , पिंक पर्ल , जयपुर सिटी, तीर्थंकर, संगिनी फॉरएवर, सम्यक, वर्धमान ( प्रताप नगर), वीर, स्वस्तिक, सन्मति, जयपुर स्थित अधिकांश ग्रुपों के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं रीजन कार्यकारिणी के पदाधिकारी व सदस्यों की ओजस्वी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में डॉक्टर रोहन जैन, अनुभव सुखवानी वाइस प्रेसिडेंट, सचिन सिंह सेल्स एवं मार्केटिंग हेड , शांतनु सिंह मैनेजर , संजीव कुमार राजोरियां डिप्टी मैनेजर तथा श्रीमती सपना गोलेछा असिस्टेंट मैनेजर को उपस्थित गणमान्य सदस्यों द्वारा तिलक लगाकर, माला पहनाकर, दुपट्टा उड़ा कर तथा फेडरेशन का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया अस्पताल की ओर से भी प्रतीक चिन्ह देकर फेडरेशन को सम्मानित किया गया। महासचिव निर्मल संघी ने सभी उपस्थित सदस्यों का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया।

# सुबह-शाम फेरो प्रभुजी के नाम की माला,मिट जाएगा कर्मों का झाला- इन्दुप्रभाजी म .सा .

### मर्यादित जीवन ही हमे बचा सकता है पापों से: डॉ. चेतनाजी म.सा.



सुनील पाटनी. शाबाश इंडिया

भीलवाड़ा ।सुबह-शाम प्रभुजी के नाम की माला फेरने वाले की दुर्गति समाप्त हो जाती है एवं कर्म रूपी झाले भी साफ हो जाती है।जिनवाणी श्रवण करना भी ईश्वर भक्ति का ही स्वरूप है। प्रतिदिन जिनवाणी सुनना भी पाप कर्म का क्षय कर पुण्यवानी बढ़ाता है। ये विचार शहर के चन्द्रशेखर आजादनगर स्थित स्थानक रूप रजत विहार में शनिवार को मरूधरा मणि महासाध्वी श्रीजैनमतिजी म.सा. की सुशिष्या मरूधरा ज्योति महासाध्वी इन्दुप्रभाजी म.सा. ने नियमित चातुर्मासिक प्रवचनमाला में व्यक्त किए।उन्होंने कहा कि कभी अकेला व्यक्ति कुछ नहीं कर सकता।इसीलिए किसी का सामना करने से पहले अपना पक्ष मजबूत कर लेना चाहिए।महासाध्वी इन्दुप्रभाजी म.सा. ने जैन रामायण का वर्णन करते हुए बताया कि किस तरह दशमुख का विवाह छह हजार कन्याओं से भी होता है।मंदोदरी स्वप्न में इन्द्र को देखती है और समय बीतने पर उनके यहां इन्द्रजीत या हरिजीत का जन्म होता है। दशमुख पुष्पक विमान, राक्षसी विद्या सहित पूर्वजों ने जो खोया था उसे भी वापस प्राप्त करना शुरू कर देता है।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# वीर ग्रुप द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित



**जयपुर.शाबाश इंडिया।** दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन जयपुर के आवाहन पर मानव सेवार्थ पखवाड़ा के अंतर्गत भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के सहयोग से दिगंबर जैन सोशल ग्रुप वीर जयपुर के द्वारा दिनाँक 16 जुलाई 2023 को प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक निःशुल्क चिकित्सा जांच व परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। वीर ग्रुप के अध्यक्ष नीरज जैन ने बताया कि शिविर में 283 मरीजों ने रजिस्ट्रेशन करा लाभ प्राप्त किया। शिविर में मरीजों को आयुष मंत्रालय की तरफ से 3 माह की आयुर्वेदिक दवाइयां निःशुल्क दी गयी। सभी मरीजो की निःशुल्क जांच डॉ. बी. लाल लैब द्वारा निःशुल्क कराई गई। शिविर का उद्घाटन माननीय विधायक नरपत सिंह राजवी ने किया। इस अवसर पर आशीष जैन, रेखा, निशा, कशिश, रिद्धि,संजय जैन, गरिमा, अंकित, कोमल, नीलम, अमित जैन,सीमा छाबड़ा आदि की गरिमामयी उपस्थित रही।अंत मे वीर ग्रुप के सचिव पंकज जैन ने शिविर के सफल आयोजन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

# जयकारों के बीच रवाना हुआ 8 दिवसीय बुन्देलखण्ड धार्मिक यात्रा दल




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री दिगम्बर जैन पद यात्रा संघ के तत्वावधान में 8 दिवसीय बुन्देलखण्ड धार्मिक यात्रा दल रविवार को भट्टारक जी की नसियां से भगवान आदिनाथ के जयकारों के साथ रवाना हुआ। दल में शामिल 181 यात्रियों को लेकर 4 वातानुकूलित बसें भट्टारक जी की नसियां से रवाना हुई। धार्मिक यात्रा के नेतृत्व के लिए संघ के संरक्षक सुभाष चन्द जैन, धार्मिक यात्रा के मुख्य संयोजक अमर चन्द दीवान खोराबीसल, संयोजक सुरेश ठोलिया, विनोद जैन कोटखावदा, मनीष लुहाड़िया,पवन जैन का समाज की ओर से गणमान्य श्रेष्ठीजनों ने तिलक, दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया। श्री जी की सामूहिक आरती के बाद यात्रा दल रवाना हुआ इस मौके पर समाजश्रेष्ठी उमराव मल संघी, अशोक जैन नेता,जे के जैन नेमीसागर, अशोक बाकलीवाल श्योपुर,उजास पाण्डया,प्रकाश गंगवाल खोराबीसल, पार्षद पारस पाटनी, राजेश बड़जात्या, अनिल रावकां, नवीन जैन,राज कुमार काला सहित कई गणमान्य श्रेष्ठीजनों ने यात्रियों को शुभकामनाएं दी तथा बसों को हरी झंडी दिखाकर जयकारों के बीच रवाना किया। संरक्षक सुभाष चन्द जैन ने बताया कि यात्रा दल ने अतिशय क्षेत्र भुसावर पहुंचकर क्षेत्र पर मूलनायक भगवान आदिनाथ सहित जयपुर गौरव मुनि युधिष्ठिर सागर महाराज के दर्शन लाभ प्राप्त किए। संयोजक विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि सोमवार 17 जुलाई को प्रातः 5.30 बजे यात्री सोनागिरी पर्वत वन्दना करेंगे। मुख्य मंदिर में भगवान चन्द्र प्रभु के अभिषेक, शांतिधारा के बाद पूजा की जाएगी इस मौके पर क्षेत्र पर चातुर्मासरत स्वस्तिधाम प्रणेत्री गणिनी आर्यिका स्वस्तिभूषण माताजी के आशीर्वचन होंगे। संयोजक सुरेश ठोलिया ने बताया कि यात्रा दल करगुंवा जी, पावागिरिजी, पपौरा, अहार जी, द्रोणगिरी, नैनागिरी, कुण्डलपुर, ललितपुर, देवगढ़, चन्देरी, गोलाकोट, चांदखेड़ी, बिजोलिया,जहाजपुर स्वस्तिधाम होता हुआ रविवार,23 जुलाई को रात्रि में वापस जयपुर लौटेगा।

# श्री जैन वीर मंडल कुचामन सिटी द्वारा ग्रामीण जिनालयों में कार सेवा की गई





**कुचामन सिटी. शाबाश इंडिया।** श्री जैन वीर मंडल कुचामन सिटी द्वारा प्रशंसनीय कार्य रविवार को जैन वीर मंडल के सदस्यों द्वारा निकटवर्ती गाव भावता इंदोखा लिचाना में जैन मंदिर में मूर्तियों पर कार सेवा व सफाई का कार्य किया गया ।इससे पूर्व पाचोता जैन मंदिर में भी पिछले रविवर का यह कार्य किया गया और मंडल अध्यक्ष सौभाग मल गंगवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम के संयोजक पवन गोधा के नेतृत्व में विनोद गंगवाल, अजीत पहाड़िया, अशोक गंगवाल, भंवरलाल झांझरी, तेज कुमार बड़जात्या, मनीष पांचवा, सुनील पांचवा, प्रदीप भावता का सहयोग रहा। मंडल सचिव सुभाष पहाड़िया ने बताया कि भावता में प्रदीप व अमित इंदोखा मे श्रीपाल पाटनी ललित पाटोदी व विमल पाटोदी लिचाना मे जय कुमार पारस प्रकाश बाबू लाल केशव पाचोता में नेमीचंद जैन ने कार सेवा में सहयोग किया।




# जैन बैंकर्स जयपुर द्वारा गांधीवन में वन महोत्सव का आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम जयपुर द्वारा रविवार दिनांक 16 जुलाई को ग्राम भारती समिति के पर्यावरण केन्द्र गांधीवन में वन महोत्सव का आयोजन किया गया। फोरम के 11 सदस्यीय दल ने सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत 101 पौधों का वृक्षारोपण किया गया। इसी कार्यक्रम अन्तर्गत 5000 वृक्ष लगाने का लक्ष्य रखा है। कार्यक्रम में जैन बैंकर्स फोरम के अध्यक्ष भाग चंद जैन मित्रपुरा, सुनील काला मंत्री, अशोक जैन आईसीआईसीआई बैंक, निहाल चंद जैन, मुकेश पांड्या, कमल चंद जैन सेवावाले, जितेंद्र जैन, कैलाश चंद जैन, सुरेश जैन, सुरेश बज सहभागी रहे। एन के सेठी का कार्यक्रम में विशेष योगदान रहा। सुश्री सुदीप कौर आईएफएस, जेडीए का पौधे उपलब्ध करवाने में अपेक्षित सहयोग रहा। 30 वर्षों से लगातार गांधीवन नर्सरी में भी पौधे तैयार किये जा रहे हैं। ग्राम भारती समिति की सचिव कुसुम जैन बताया कि प्रातः 11.00 बजे सभी गांधीवन में उपस्थित हुये एवं कार्यक्रम का शुभारम्भ गांधी जी की प्रतिमा के समक्ष किया गया। वृक्षारोपण हेतु बरगद, पीपल, नीम, गुडहल, कटहल, मीठी नीम, जामुन, आदि विभिन्न ऑक्सीजन रिच प्रजातियों का वृक्षारोपण किया। आज गांधीवन एक घने जंगल का रूप ले चुका है। शुरूआत में यहां एक भी हरा पेड़ नहीं था सिर्फ रेत के टीले थे। संस्था को इस अनुठे कार्य के लिये राष्ट्रीय / अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किये गये हैं। जिनमें मुख्य रूप से इन्दिरा प्रियदर्शनी वृक्षमित्र पुरस्कार, फोर्ड इण्डिया कम्पनी पुरस्कार एवं जमनालाल बजाज पुरस्कार आदि। गांधीवन परियोजना संरक्षक धर्मेन्द्र जैन, पूर्व पार्षद ललित पारीक, वितीय सलाहकार धीरज शर्मा, बैंक ऑफ बडौदा प्रबधक अमित हाड़ा की टीम एवं अनन्या कॉपोरेशन, अहमदाबाद संस्थान का भी इस कार्यक्रम के आयोजन में योगदान रहा।

# श्रीपिंजरापोल गोशाला में भव्य सहस्त्र घटाभिषेक 18 जुलाई को

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** प्रदेश में खुशहाली, आर्थिक उन्नति, बेहतर फसल उत्पादन, व्यापारिक वृद्धि व निर्यात की कामना के लिए श्रीपिंजरापोल गोशाला परिसर में स्थित श्री ग्वालेश्वर महादेव मंदिर में 18 जुलाई को भव्य सहस्त्र घटाभिषेक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। हैनिमैन चैरिटेबल मिशन सोसाइटी व सनराइज ग्रुप ऑफ कंपनीज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किए जा रहे इस कार्यक्रम में मंगलवार सांय 5 बजे गाय के गोबर से निर्मित दीपकों से महादेव की महाआरती की जाएगी। कार्यक्रम संयोजक डॉ. अतुल गुप्ता ने बताया कि 501 भक्तों द्वारा कतारबद्ध होकर गाय के देशी घी से दीपक जलाकर महाआरती की जाएगी। प्रत्येक थाली में 11 दीपक होंगे। उन्होंने कहा कि राजस्थान प्रदेश को जैविक राज्य बनाने की कामना को लेकर प्रातः 11 बजे पूजा प्रारंभ होगी। दोपहर 2 बजे महादेव का सहस्त्रघटाभिषेक किया जाएगा। इसके बाद सायं 5 बजे भोले बाबा का श्रृंगार व महाआरती होगी। महाआरती के पश्चात प्रसाद वितरण व भोजन प्रसादि होगी। इसमें समस्त भक्तों के लिए दो तरह की बाटी व दो प्रकार का चूरमा परोसा जाएगा।

# जैन आचार्य कामकुमार महाराज की निर्मम हत्या के विरोध में निवाई में विशाल मौन जुलूस निकाला गया

## अहिंसा सर्किल पर प्रधानमंत्री के नाम तहसीलदार को जैन श्रद्धालुओं ने ज्ञापन सौंपा



**विमल जोला. शाबाश इंडिया**

निवाई। सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में जैन सन्त आचार्य कामकुमार नन्दी महाराज की निर्मम हत्या के विरोध में शनिवार को जैन समाज के श्रद्धालुओं द्वारा विशाल मौन रैली निकालकर प्रधानमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला व राकेश संधी ने बताया कि कर्नाटक राज्य में आचार्य श्री कामकुमार नन्दी महाराज की निर्मम हत्या के विरोध में निवाई मे विराजमान जैन मुनि शुद्ध सागर महाराज के सानिध्य में सकल दिगम्बर जैन समाज द्वारा मौन रैली निकाली गई इस दौरान तहसीलदार को राष्ट्रपति, कर्नाटक के मुख्यमंत्री, राजस्थान मुख्यमंत्री, एवं प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। जौंला ने बताया कि शनिवार को ज्ञापन से पूर्व शांतिनाथ भवन मे जैन मुनि शुद्ध सागर महाराज के सानिध्य में विनयांजलि सभा आयोजित की गई सभा का शुभारंभ विमल जौंला द्वारा मंगलाचरण के साथ किया गया। विनयांजलि सभा में जैन मुनि शुद्ध सागर जी, महावीर प्रसाद पराणा पण्डित सुरेश कुमार शास्त्री ने विनयांजलि दी। जौंला ने बताया कि इसके बाद विशाल मौन जुलूस शांतिनाथ भवन से रवाना होकर बिचला मंदिर सब्जी मंडी बडा.बाजार होते हुए अहिंसा सर्किल स्थित पंचायत समिति पर तहसीलदार को प्रधानमंत्री के नाम जैन समाज के लोगों द्वारा ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया गया है कि दुखद घटनाक्रम पर वीडियो संदेश जारी हो। निर्मम हत्या का मुकदमा फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुना जाए। भारतवर्ष में जैन संतो की सुरक्षा व्यवस्था हो। भारतवर्ष में जैन धर्म तीर्थ व संतो की सुरक्षा हेतु जैन संरक्षण बोर्ड की स्थापना की जाए तथा आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाही की जाए आदि मांगों को लेकर शनिवार को जैन समाज के लोगों ने अहिंसा सर्किल पर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है। जैन सन्त आचार्य कामकुमार नन्दी महाराज की हत्या के विरोध में जैन समाज के लोगो मे भारी आक्रोश व्याप्त है। इस अवसर पर उधोगपति अशोक कटारिया नेमीचंद गंगवाल महावीर प्रसाद पराणा पवन बोहरा पुनित संधी अमित कटारिया विष्णु बोहरा नवरत्न टोंग्या सुनील भाणजा सुनील गिन्दोडी.सुशील गिन्दोडी.हेमचंद संधी जितेन्द्र चंवरिया मनोज पाटनी नितिन छाबड़ा नेहरु बडागांव विनोद सुनारा महेन्द्र चंवरिया विमल गिन्दोडी.राकेश संधी दिनेश चंवरिया मनीष जैन त्रिलोक सिरस मोहित जैन त्रिलोक पांडया त्रिलोक रजवास गब्बू झिलाय मुकेश संधी शशी सोगानी उर्मिला जैन संजू जौंला हेमा बनेठा संजू चंवरिया गुडडी सिरस सुमन सोगानी ममता गिन्दोडी.सीमा जैन सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद थे।

# सात दिवसीय संगीतमय श्री मदभागवत कथा समारोह से पहले निकली विशाल कलश यात्रा





**चंद्रेश कुमार जैन. शाबाश इंडिया**

**श्रीमहावीरजी।** कस्बे के मोदी कॉलोनी स्थित शिवालय मंदिर पर श्री लाडली जी संगम एवं समस्त मोदी कॉलोनी वासियों के सहयोग से रविवार से सात दिवसीय श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा से पूर्व प्रधान कलश की बोली लगाई गई जो संगीता स्वामी के नाम रही एवं रथ के सारथी की बोली राकेश स्वामी के नाम रही कथा से पहले सर्व समाज की हजारों महिलाओं ने अपने सिर पर मंगल कलश सजाकर शिवालय मंदिर से मुख्य बाजार बालाजी मंदिर से देवनारायण मंदिर, बस स्टैंड, मोदी कॉलोनी होते हुए नगर परिक्रमा की।इस दौरान महिला पुरूष व वच्चे धार्मिक गीतों पर नाचते गाते गांव के प्रमुख रास्तो से होकर गुजरे बही कलश यात्रा का जगह जगह भव्य स्वागत हुआ। जिससे कस्बे का माहौल धर्ममय हो गया। इसके बाद विधि विधान से मंत्रोचार के साथ श्रीमद् भागवत कथा कार्यक्रम की नित्य नियम पूजा शुरू हुई। कथा प्रवक्ता अनंत शरण महाराज श्री धाम वृंदावन वाले ने कथा के पहले दिन श्रद्धालुओं को कथा के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि कथा सुनने मात्र से मनुष्य के कई जन्मों के पाप नष्ट हो जाते है और हमेशा उस पर ईस्वर की कृपा बनी रहती है।इसलिए मनुष्य को कुछ समय भक्ति करनी चाहिए ।इस अवसर पर आयोजन समिति के लाडली जी संगम के कार्यकर्ता बंटू गोयल तरुण कुमार अंकुर बेनीवाल प्रवीण सैनी निखिल गुप्ता संजय शर्मा पवन सैनी सहित हजारों श्रद्धालु उपस्थित थे ।

# साहूकार पेठ साध्वी धर्मप्रभा के प्रवचन मे उमड़ा श्रध्दालूओं का सैलाब

## मित्र बनाओं तो श्री कृष्ण के जैंसा,जो विपत्ति आने पर मित्रता को निभाए : साध्वी धर्मप्रभा



**सुनिल चपलोत. शाबाश इंडिया**

चैन्नई।मित्र हो तो श्री कृष्ण जैसा।रविवार को श्री एस.एस.जैन भवन साहूकार पेठ में साध्वी धर्मप्रभा ने ऐतिहासिक धर्मसभा मे श्रध्दालूओ को सम्बोधित करतें हुए कहा कि जीवन में एक मित्र कृष्ण-सुदामा जैसा होना चाहिए। जो तुम्हारे लिए युद्ध न लड़े पर सच्चा मार्गदर्शक दिखाता रहें। संसार में कृष्ण-सुदामा जैसी मित्रता हो जाए,तो दुनिया से अमीरी-गरीबी का भेंद दूर हो सकता है। सच्चे मित्र कि सभी को तलाश है।लेकिन आज मित्रता मे स्वार्थ कि भावना छुपी हुई है। आजकल सुख और सम्पति में कौई भी मित्र बनने के लिए त्यार रहता है। और कैई मित्र बन जाते है किन्तु आपत्ति मे दुखः मे मित्रता निभाने वालें मित्र बहुत कम होतें है। सच्चा मित्र वो होता है जो दुख मे काम आयें। अन्यथा तो दुर्जन भी मित्र बन जातें है। दुख प्राप्त होने पर,शत्रु के द्वारा संकट उत्पन्न करने पर विपत्ति आने पर एवं राज द्वार तथा श्मशायन मे साथ देता है वही सच्चा बंधु मित्र है। मित्र एक बहुत ही पवित्र शब्द है।पर परिस्थिति मे मित्रता निभाना अति कठिन है। श्री कृष्ण सुदामा की मेंत्री एक ऐसी आर्दश मैंत्री है ।जिससे हमे प्रेरणा मिलती हैं। कि मित्रता में छोटा -बड़ा , उच्च -निच , राजा -रंक निर्धन-धनवान मे किसी प्रकार भेद भाव नही होना चाहिए। मित्र -मित्र मे प्रेम की निश्चल धारा बहती रहें। मित्र केवल मित्र होता है किसी प्रकार का उसमें भेद नही होता है। कहा श्रीखंडाधिपति श्री कृष्ण और कहा एक गरीब सुदामा बह्माण यू तो किसी प्रकार का कौई तालमेल नही था परन्तु उनकी बेमिसाल अद्वितीय अनुपम मैत्री रही ।जो भारती इतिहास मे र्स्वर्ण अक्षरों मे अंकित है जो सदियों के सदियों बीत जानें पर भी आज भी बड़े आदर और गौरव के साथ याद किया जाता है। संघ महामंत्री सज्जनराज सुराणा ने बताया कि बहन. नीतू श्रीश्रीमाल ने पंद्रह उपवास और संगीता कावड़िया ने ग्यारह उपवास के साध्वी धर्मप्रभा,साध्वी स्नेहप्रभा से उपवास प्रत्याख्यान लिए थे।तथा प्रवचन के प्रश्चात छोटे -छोटे बच्चों के द्वारा श्री कृष्ण सुदामा की मैंत्री पर बहुत ही सुंदर और आकर्षक नाटिका का मंचन किया गया। प्रवक्ता सुनिल चपलोत ने जानकारी देतें हुए बताया कि तपस्या करने वाली बहनो और नाटिका मे भाग लेने वालें बच्चों का श्री एस.एस.जैन संघ साहूकार पेठ के अध्यक्ष एम.अजितराज कोठारी, उत्तमचन्द्र श्रीश्रीमाल,एन.राकेश कोठारी,सुरेशचन्द डूगरवाल हस्तीमल खटोड़,सज्जनराज सुराणा,महावीरचन्द कोठारी, शांतिलाल दरणा,जितेन्द्र भंडारी,बादल चन्द कोठारी,भरत कुमार नाहर,महावीर चन्द ललवानी, सुभाष चन्द कांकलिया आदि पदाधिकारियों ने तपस्वीयो और बच्चों का सम्मान करतें हुए अभिनन्दन किया। धर्मसभा के पूर्वश्री सोजत जैन संघ तमिलनाडु चैन्नई द्वारा साहूकार पेठ मे साध्वी धर्मप्रभा के सानिध्य में रक्तदान शिविर रखा गया जिसमें सत्तर से अधिक भाई- बहनों द्वारा ब्लड डोनेट किया गया।

# धार्मिक यात्रा के पोस्टर का हुआ विमोचन

## 13 दिवसीय धार्मिक यात्रा 5 अगस्त को जयपुर से होगी रवाना

**अमन जैन कोटखावदा. शाबाश इंडिया**

जयपुर। शहर के मीरा मार्ग मानसरोवर स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में रविवार को दिगंबर जैन महासमिती राजस्थान अंचल, मानसरोवर संभाग एवम्‌वर्धमान सरोवर इकाई के उपस्थित अनेक सदस्यों द्वारा जैन संत जिनानंद जी महाराज,सवानंद जी महाराज,पुण्यानंद जी महाराज के कर कमलों से धार्मिक यात्रा का बैनर का विमोचन करवाया गया।यात्रा संयोजक लोकेश सोगानी ने बताया कि 13 दिवसीय जाने वाली यह यात्रा जयपुर से बस के माध्यम से 5 अगस्त को रवाना होकर आगरा में मुनि सुधासागर जी महाराज के दर्शन के साथ अतिशय क्षेत्र सोनागिरी, पपौराजी, आहारजी, द्रोणागिरी, नैनागिरी, जबलपुर, कुंडलपुर, डोंगरगढ़ आचार्य विद्या सागर जी महाराज, रामटेक, कारंजा, मुक्तागिरी, ऊन, बावनगजा, मनावर, बनेडिया, उज्जैन, चांदखेड़ी के दर्शन कर 13 दिन की यात्रा कर वापस जयपुर पहुचेंगे इस अवसर पर अध्यक्ष अनिल जैन (रिटायर्ड आई पी एस), महामंत्री महावीर जैन बाकलीवाल, वर्धमान सरोवर इकाई अध्यक्ष जैन कुमार जैन, मंत्री सुनील सोगानी, मंदिर अध्यक्ष सुशील पहाड़िया, मंदिर मंत्री राजेंद्र सेठी, मनोज जैन, सुनील जैन गंगवाल, अजीत जैन, यात्रा संयोजक लोकेश सौगानी सहित अनेक समाज बंदू उपस्थित रहे।




# जयकारों के साथ निकली श्रीमथुराधीष प्रभु की शोभायात्रा, गूंजे जयकारे



## आज सजेगी हिंडोला कदम की छाया की मनोरथ की झांकी

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** अधिक मास के अवसर पर मोहनबाड़ी स्थित श्री गोवर्धननाथ जी मंदिर में श्री गोवर्धन नाथ जी प्रभु व मथुराधीष स्वामी प्रभु के मनोरथों के दर्शन व 56 भोग महामहोत्सव का शुभारंभ रविवार से निकली शोभायात्रा से हुआ। इस दौरान आसपास का क्षेत्र ठाकुरजी के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। श्री वल्लभ पुष्टिमार्गीय मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष नारायण दास मैमियां व मंत्री सोहन लाल टुकड़वाले ने बताया कि 1 अगस्त तक चलने वाले इस महोत्सव का शुभारंभ रविवार को सूरजपोल गेट से श्रीगोवर्धन नाथ मंदिर तक लवाजमे के साथ निकली शोभायात्रा से हुआ। शोभायात्रा में पुरुष वर्ग सफेद कुर्ते-पायजामा व महिलाएं केसरियां साड़ी में चल रही थी। इस दौरान श्रद्धालु ठाकुर जी को लेकर चल रहे थे। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु श्री गोविन्द हरे मुरारी..जैसे संकीर्तन करते हुए चल रहे थे।जिन-जिन मार्गों से यह शोभायात्रा गुजरी,वे सभी मार्ग भक्ति और आस्था के रंग में डूबे नजर आए। शोभायात्रा विभिन्न मार्गों से होती हुई मंदिर प्रांगण पहुंची,जहां चांदी के बंगले की झांकी सजाई गई जो भक्तों के बीच आकर्षण का केन्द्र रही। कार्यक्रम संयोजक नटवर गोपाल मालपानी व कोषाध्यक्ष गोरधनदास भगत ने बताया कि महोत्सव के तहत सोमवार को साम 7बजे से हिंडोला कदम की छाया की मनोरथ झांकी सजाई जाएगी।

# विद्याधर नगर में 101 पौधे लगाए




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** शहर को हरा-भरा रखने के उद्देष्य को लेकर मारवाड़ी युवा मंच की जयपुर कैपिटल शाखा एवं मूमल शाखा ने रविवार को विद्याधर नगर क्षेत्र में 101 पौधे लगाए। जयपुर कैपिटल अध्यक्ष मनीष खंडेलवाल ने बताया कि इस मौके पर प्रांतीय अध्यक्ष अभिषेक मेठी की उपस्थिति में जयपुर कैपिटल एवं जयपुर मूमल अध्यक्ष सपना गुप्ता के साथ उपस्थितजनों ने 101 पौधे लगाए गए।इस दौरान आसपास के क्षेत्र के लोग भी मौजूद रहे।

# आचार्यश्री काम कुमार नंदी जी की हत्या के विरोध में भट्टारक जी की नसिया में हुई जैन समाज की सभा

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

कर्नाटक राज्य के बेलगांव जिले के चिक्कोड़ी के पास हिरेकोड़ी मे नंद पर्वत पर जैन साधु-संत आचार्य भगवंत श्री काम कुमार नंदी जी का अपहरण हुआ। और कुछ अज्ञात लोगों ने वहां से अज्ञात स्थान पर ले गए ,जहां दिनांक 7 जुलाई 2023 को सुबह उनकी हत्या का पता चला।इस प्रसंग के चलते विरोध प्रदर्शित करते हुए श्री दिगंबर जैन मुनि संघ प्रबंध समिति पार्श्वनाथ भवन की संयोजन में भट्टरकजी की नसिया में एक सभा का आयोजन रखा गया । मुनि संघ प्रबंध समिति के अध्यक्ष देव प्रकाश खंडाका ने बताया समग्र जैन समाज के महानुभाव सभा में पधारे। कार्यकारिणी सदस्य अनुज जैन बड़जात्या ने बताया कि रमेश गंगवाल ने मंगलाचरण कर सभा का शुभारंभ किया प्रबन्ध समिति के महामंत्री श्री ओम प्रकाश काला ने अपने वक्तव्य में समाज के उन विषयों को पटल पर रखा, जिसकी इस समय






समाज को अत्यंत आवश्यकता है। उन्होंने कहा साधु संतों की सुरक्षा की व्यवस्था सरकार को हर संभव करनी चाहिए।दूसरा उन्होंने कहा जैन बोर्ड का गठन होना चाहिए, आदि विषयों को लेकर उन्होंने अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रचार मंत्री रमेश गंगवाल ने बताया -सभा को संबोधित करते हुए सुधांशु कासलीवाल ने कहा संघों की व्यवस्था तो समाज कर देता है परंतु एकल बिहारी साधुओं के साथ हमेशा भय बना रहता है। जैन बोर्ड बनाने हेतु हमें जैन बोर्ड का गठन करने हेतु कार्यवाही कर प्रतिवेदन सरकार को प्रस्तुत करना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक प्रतिवेदन सरकार को दिया जा चुका है। नरेश कुमार सेठी ने कहा अब समय आ गया है हम एकजुट हो जाएं । सभा को रमेश तिजारिया मुकेश जैन ब्रह्मपुरी, कमल बाबूजी जैन, सुरेंद्र कुमार पांड्या ने संबोधित किया। सभा के कार्यक्रम का संपूर्ण मंच संचालन प्रखर वक्ता मनीष बैद ने किया। मुनि संघ प्रबंध समिति के मंत्री ओमप्रकाश काला ने सभी श्रेष्ठी जन महानुभावों का धन्यवाद ज्ञापित किया तथा सभी पधारे हुए महानुभाव एवं नसियां जी प्रबन्ध समिति का आभार व्यक्त किया।

## उड़ते परिन्दे ग्रुप का आगाज बेजुबान पक्षियों के साथ



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

आज नवोदित ग्रुप 'उड़ते परिन्दे' ने आगाज बेजुबान पक्षियों के साथ की। ग्रुप सदस्यों विशुतोष - नीति चाँदवाड, सुनील -मुनिया सोगानी, अभय - अंजना गंगवाल, प्रमोद -सुनीता पाटनी, इंदुलेखा, रानू, गुनिन, हर्षित आदि सदस्यों ने जलेबी चौक, अल्बर्ट हाल, पिकॉक गार्डन मालवीय नगर पर कबूतरो, चिड़ियाओ एवं अन्य पक्षियों को दाना खिलाया एवं पानी की व्यवस्था के लिए परिंडे लगाए।

## नितिन गडकरी को मुनि श्री की हत्या पर ज्ञापन दिया



**नागपुर. शाबाश इंडिया।** 16 जुलाई रविवार को सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के नागपुर स्थित आवास पर गत दिनों हुई दिगंबर जैन साधु की हत्या के विरोध स्वरुप निर्मल जैन सोगानी ने ज्ञापन दिया । गडकरी सम्पूर्ण समाज के लिए पूरी तरह से मदद देने का आश्वासन किया है और आगे इसके अंदर वो कार्यवाई भी करवाने का प्रयास करेंगे और उन्होंने कहा है की मैं सदैव समाज के साथ हूँ।

## नवकार ग्रुप द्वारा मानव सेवार्थ रक्तदान शिविर आयोजित



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** दिगंबर जैन सोशल ग्रुप नवकार द्वारा मानव सेवार्थ रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। ग्रुप अध्यक्ष मोहनलाल गंगवाल द्वारा अवगत कराया गया की दि.जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन जयपुर के आवाहन पर मानव सेवार्थ पखवाड़ा के अंतर्गत कंचन देवी मेमोरियल ट्रस्ट एवं मीना जैन मेमोरियल ट्रस्ट के तत्वाधान में दि.जैन सोशल ग्रुप नवकार द्वारा श्री पार्श्वनाथ दि.जैन मन्दिर,थड़ी मार्केट, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर में स्वैच्छिक रक्तदान एवं निःशुल्क जांच शिविर आयोजित किया गया । जिसमे 85 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया एवं 400 निःशुल्क जांचे की गई। ग्रुप संरक्षक,प्रोफेसर इन्द्र प्रभ जैन - प्रोफेसर मृदुला जैन द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। उपरोक्त शिविर के आयोजन में दीप प्रज्वलन कर्ता एवं नवकार ग्रुप द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। उपरोक्त ट्रस्टीयो द्वारा रीजन अध्यक्ष,राजेश बड़जात्या, रीजन सचिव,निर्मल संघी, अध्यक्ष,मोहनलाल गंगवाल, कार्याध्यक्ष,सुरेश जैन बांदीकुई एवं सरक्षक प्रो.इन्द्र प्रभ जैन - प्रो.मृदुला जैन एवं सन्मति ग्रुप के अध्यक्ष,राकेश गोदिका का सम्मान किया गया। अध्यक्ष, मोहनलाल गंगवाल द्वारा आयोजक कर्ता टीम का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# 'रंग मल्हार' में चाय की केतली पर किया सृजनशहर के नामचीन, उदीयमान और बाल कलाकारों ने निभाई भागीदारी





**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

समूची धरा पर समृद्धि और सुकून की बारिश की कामना लिए रविवार को 14वां अंतरराष्ट्रीय रंग मल्हार कार्यक्रम आयोजित हुआ। पिछले वर्षों की भांति इस साल भी अंबामाता स्कीम स्थित टखमण आर्ट सेंटर पर एक साथ एक थीम पर आधारित कला सृजन के इस अभिनव उत्सव में शहर के 70 से अधिक नामचीन, उदीयमान और बाल कलाकारों ने सृजन संभावनाओं की अनूठी बानगी पेश की। समन्वयक संदीप पालीवाल ने बताया कि प्रतिवर्ष भारत सहित मिस्र, जापान, कोरिया, सिंगापुर, जर्मनी आदि देशों के कलाकार एक नए माध्यम पर कल्पना चित्रण करते हैं। उसी कड़ी में कला परिसर में सुबह 10 से शाम 4 बजे तक कला साधकों ने रंगों की बारिश से इस साल की थीम 'चाय की केतली' को अपनी कल्पना से खूब सजाया और संवारा। गौरतलब है कि इस कार्यक्रम के लिए प्रकाश कपूर और प्रवीण कपूर ने कला सामग्री सहित लंच और अन्य व्यवस्था में सहयोग दिया। वहीं प्रो. सुरेश शर्मा और एल एल वर्मा जैसे अन्य कई वरिष्ठ कलाकारों ने अपनी उपस्थिति से नवोदित कलाकारों का हौंसला बढ़ाया। समापन अवसर पर शाम पांच बजे तमाम सृजित कलाकृतियों की प्रदर्शनी भी लगाई और सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए गए। इस मौके पर ख्यात कला मर्मज्ञ बी एस बाबेल सहित अनेक कलाकार और गणमान्य उपस्थित रहे।

रिपोर्ट/फोटो : राकेश शर्मा 'राजदीप'

# संगिनी फॉरएवर ग्रुप द्वारा निशुल्क नेत्र चिकित्सा एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

रविवार को प्रातः 10:00 बजे से 1:00 बजे तक दिगंबर जैन सोशल ग्रुप संगिनी फॉरएवर के द्वारा मानव सेवार्थ कार्यक्रम के तहत निशुल्क नेत्र चिकित्सा व लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया । शिविर आयोजक संगिनी ग्रुप की अध्यक्ष शकुंतला ने बताया कि शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि राजेंद्र कमलेश कैमरा वालों ने किया। कि इस अवसर पर फेडरेशन कोषाध्यक्ष अतुल नीलिमा बिलाला ,राजस्थान रीजन फेडरेशन के अध्यक्ष राजेश बड़जात्या,सचिव निर्मल सांघी, राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष सुरेंद्र पांड्या गुलाबी नगरी अध्यक्ष सुनील बज सम्यक ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष महावीर बिंदायका की गरिमामय उपस्थिति रही। ग्रुप सचिव सुनीता गंगवाल के अनुसार लगभग 200 लोगों ने शिविर के माध्यम से रजिस्ट्रेशन करा कर अपनी जांच कराई और डाक्टर चित्रा जैन ने बताया कि लगभग 35 लोगों का शिविर के माध्यम से गोल्डन आई हॉस्पिटल द्वारा ऑपरेशन होगा इस शिविर का निदान सेवा संस्थान के द्वारा गोल्डन आई हॉस्पिटल के सौजन्य से आदिश्वर धाम चाकसू में आयोजन किया गया था कोषाध्यक्ष उर्मिला जी ने बताया लगभग 70 लोगों को आंखों के चश्मे वितरित किए गए शिविर में मीनाक्षी सहित पुष्पा अलका बबीता शीला सरोज किरण संगीता सुलोचना जी ने सक्रिय योगदान दिया शानदार व्यवस्था के लिए अंत में शकुंतला के द्वारा चाकसू के अध्यक्ष सहित नवल का भी आभार व्यक्त किया गया।



